मुरैना की डेयरी में बड़ा झोल, नकली पनीर बनाने पर कसा नकेल, डेयरी को किया सील - Morena Duplicate Paneer Manufacture

मुरैना: जौरा खुर्द में एक डेयरी संचालक को रिफाइंड तेल से पनीर बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है. जिसके बाद कार्रवाई करते हुए डेयरी को सील किया गया है. इसके अलावा महाराजपुर और जौरा में अन्य दूध डेयरी और दूध के टैंकर से सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल लैब भेजे गए हैं.

खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवनीश गुप्ता ने कहा कि "शहर के जौरा खुर्द में जेपी दूध डेयरी के संचालक जितेंद्र यादव पर नकली पनीर बनाने को लेकर कार्रवाई की गई है." इस बारे में उन्होंने बताया गया कि जितेंद्र रिफाइंड तेल से पनीर बना रहा था. खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मकान की चेकिंग के दौरान एक टीन से 10 किलो रिफाइंड पामोलिव तेल और 2 टीन से 18 किलो रिफाइंड पाम करनल तेल बरामद किया है. इसके साथ 25 खाली टीन बरामद हुआ है. वहीं, संचालक के घर से पनीर का घोल तैयार करने वाली मिक्सिंग मशीन जब्त की गई है. इसके अलावा 25 किलो पनीर, 8 किलो घी संग्रहित पाया गया, जिसके सैंपल भी जांच के लिए भोपाल लैब भेजे गए हैं. मौके पर कुल लगभग 40 हजार की सामग्री जब्त की गई है.

डेयरी को किया गया सील

इस मामले को लेकर अवनीश गुप्ता ने इस डेयरी का रजिस्ट्रेशन निलंबित करने की सिफारिश की है. फिलहाल डेयरी को सील कर दिया गया है. वहीं, महाराजपुर रोड स्थित सुगर सिंह यादव की डेयरी से पनीर का सैंपल जांच के लिया गया. इस दौरान एक अन्य टैंकर से भी दूध का सैंपल लिया गया. यह टैंकर गंगाराम कुशवाहा का बताया गया है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/morena-duplicate-paneer-manufacturing-dairy-sealed-action-against-refined-oil-cheese-madhya-pradesh-news-mps24082606180